हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 15 .5 डिग्री

11 अंतर सदनीय फुटबॉल प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में कटारी और कनिष्ठ में अर्जुन सदन बना विजेता



12 बिना सीटीओ चल रहा ईंट भट्टा डीसी ने किया लाइसेंस सस्पेंड



## खबर संक्षेप

### मारपीट मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। थाना रामपुरा पुलिस ने सूंदरोज में मारपीट करने और जातिसूचक गालियां देने के मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने गत 15 मार्च को बीएनएस की विभिन्न धाराओं व हरिजन एक्ट के तहत अभियोग अंकित किया था। पीड़ित ने मारपीट करने व जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल के आरोप लगाए थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में सूंदरोज निवासी भूपेंद्र, ईश्वर व आकाश को गिरफ्तार कर लिया। तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश दिए गए।

### सड़क हादसे के आरोपी दो चालक गिरफ्तार

रेवाड़ी। पुलिस ने सड़क हादसों के बाद फरार दो वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने सड़क हादसे के बाद गत 11 मार्च को केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने राजस्थान के पतावड़ा निवासी ब्रह्मदत्त को गिरफ्तार किया है। उसका वाहन भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। थाना बावल पुलिस ने 19 फरवरी को हादसे के बाद दर्ज किए गए केस में चरखी दादरी के पिचोपा निवासी बलवंत को गिरफ्तार किया है। उसका वाहन भी पुलिस ने कब्जे में ले लिया। दोनों आरोपियों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### दहेज उत्पीड़न का आरोपी पति गिरफ्तार

रेवाड़ी। महिला थाना पुलिस ने दहेज की मांग पर विवाहिता से मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक गांव निवासी महिला ने पुलिस शिकायत में बताया था कि उसकी शादी सूमाखेड़ा निवासी अमित से हुई थी। शादी के बाद से ससुराल पक्ष के लोग उसे अधिक दहेज की मांग पर प्रताड़ित करते थे। इस मामले में दो बार पंचायत भी हुई। पुलिस ने महिला की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद अमित को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### कोर्ट से घोषित पीओ चढ़ा पुलिस के हत्थे

रेवाड़ी। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए एक पीओ के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया। एक मामले में कोर्ट ने जलियावास निवासी सुशील को पीओ घोषित कर दिया था। उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए गए थे। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर पहले भी केस दर्ज है। उसे गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया, न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### हुड़दंगबाजी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

रेवाड़ी। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने हुड़दंगबाजी करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि अनाज मंडी के पास दो लोग शराब के नशे में हुड़दंगबाजी कर रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनों आरोपियों को मौके पर ही काबू कर लिया गया। पूछताछ करने पर एक ने अपना नाम चांदावास निवासी विक्रम और दूसरे ने सैनी मोहल्ला निवासी विनय बताया। दोनों को गिरफ्तार करने के बाद उनके खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया।

### युवक के लापता होने का केस दर्ज

रेवाड़ी। संगवाड़ी गांव से लगभग 25 वर्षीय युवक अचानक घर से लापता हो गया। एमपी के भोपाल में कंपनी में कार्यरत प्रदीप बीते दिनों अपने गांव आया हुआ था। गत 5 अप्रैल को उसका परिवार घर से बाहर गया हुआ था। परिजनों के वापस आने पर प्रदीप घर पर नहीं मिला। उसके दोनों मोबाइल फोन बंद आ रहे थे। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका।

### हैफेड के बाद वीरवार को रेवाड़ी अनाजमंडी में वेयरहाउस ने 1144 क्विंटल गेहूं खरीदा

## रेवाड़ी में गेहूं की आवक धीमी, कोसली मंडी में अब तक 76 हजार क्विंटल सरकारी खरीद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी/कोसली

रेवाड़ी अनाजमंडी में गेहूं की न्यूनतम समर्थन मूल्य पर सरकारी खरीद शुरू हो गई है। मौसम साफ होने के बाद अनाजमंडी में गेहूं की आवक बढ़ने लगी है। वीरवार को काफी किसान गेहूं लेकर अनाजमंडी पहुंचे। वेयरहाउस की ओर से रेवाड़ी अनाजमंडी में सीजन में पहली बार एमएसपी गेहूं खरीदा गया। वीरवार को अनाजमंडी में गेहूं बेचने के लिए 35 किसानों के गेटपास काटे गए। वेयरहाउस की ओर से शाम तक 1144 क्विंटल गेहूं की खरीद की गई। वही कोसली अनाजमंडी में गेहूं की भारी आवक हो रही है। कोसली मंडी में अब तक 76 हजार क्विंटल से अधिक गेहूं की सरकारी खरीद हो चुकी है। वीरवार को वेयरहाउस की ओर से रेवाड़ी अनाजमंडी स्थित किसान भवन से गेहूं की एमएसपी पर खरीद शुरू की गई। इस मौके पर वेयरहाउस मैनेजर आशा, एमएस रुपेश, जितेन्द्र सिंह एआर मार्केट कमेटी, संदीप कुमार, गुलशन तथा भाकियू चढूनी से प्रधान समय सिंह व राजेन्द्र गेरा मौजूद थे।



रेवाड़ी। रेवाड़ी अनाजमंडी में गेहूं की सरकारी खरीद करते हुए वेयरहाउस के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### आज हैफेड करेगी गेहूं की सरकारी खरीद

रेवाड़ी अनाजमंडी में सप्ताह में तीन दिन हैफेड व तीन दिन वेयरहाउस की ओर से 2585 रुपये क्विंटल एमएसपी पर गेहूं की सरकारी खरीद की जा रही है। बुधवार को हैफेड ने 6 किसानों से 320 क्विंटल गेहूं की सरकारी खरीद की थी। शुक्रवार को हैफेड की ओर से गेहूं की एमएसपी पर खरीद की जाएगी। बावल व कोसली अनाजमंडी में वेयरहाउस की ओर से गेहूं की सरकारी खरीद की जा रही है। मंडी में 6000 से 6900 रुपये क्विंटल तक सरसों बिक रही है, जबकि सरकार की ओर से सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 6200 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित है। रेवाड़ी अनाजमंडी में अब तक 159992 क्विंटल सरसों प्राइवेट में बेची जा चुकी है।





रेवाड़ी। कोसली अनाजमंडी में लगे गेहूं के अंबार। फोटो : हरिभूमि

### कोसली अनाजमंडी में 303 गेटपास काटे

*कोसली अनाज मंडी में गेहूं की भारी आवक हो रही है। वीरवार को 12298 क्विंटल गेंहू के 303 गेट पास जारी किए गए। मार्केट कमेटी के सचिव विकास कुमार ने बताया कि मंडी में एक अप्रैल से अब तक 235249 क्विंटल गेंहू की आवक हो चुकी है तथा 4998 गेट पास जारी किए जा चुके हैं। वेयरहाउस के खरीद अधिकारी जगदीश बांगड़ ने बताया कि मंडी में वीरवार शाम तक 76019 क्विंटल गेंहू की खरीद हो चुकी है। अनाज मंडी में उठान की गति भी तेज हुई है। मंडी से गेहूं के 58762 कट्टों यानि 29381 क्विंटल का उठान हो गया है, लेकिन अभी भी गेंहू खुले में पड़ा हुआ है। कोसली मंडी में सरसों की आवक बहुत धीमी है। अब तक 7765 क्विंटल सरसों के मात्र 361 गेट पास ही जारी हुए हैं। मंडी में सरसों ओपन में आढ़तियों की ओर से ही की जा रही है।*

### 12 प्रतिशत नमी तक खरीदा जा रहा गेहूं

खरीद एजेंसी की ओर से सरकार के नियमानुसार 8 प्रतिशत नमी तक ही सरसों और 12 प्रतिशत नमी तक गेहूं की सरकारी खरीद की जा रही है। फसल में नमी ज्यादा होने की कारण किसानों का सुखाकर लाने की हिदायत दी जा रही है। एमएसपी पर गेहूं बेचने के लिए 24148 किसानों ने पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया है।

*कस्बे सफाई व्यवस्था बनाने में 132 सफाई कर्मियों के ड्यूटी है*

## धारूहेड़ा के मुख्य मार्गों पर लगे कचरे के ढेर नाले गदंगी से सरोबार, सफाई व्यवस्था फेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ धारूहेड़ा

कस्बे में सफाई व्यवस्था बिल्कुल चरमरा गई है। सड़कों पर लगे गंदगी के ढेरों से उठती दुर्गंध के कारण लोगों का जीना दुश्वार हो गया है। नगरपालिका की ओर से कस्बे को साफ-सुथरा बनाने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे है। सफाई के अभाव में मुख्य मार्गों की सड़क पर कचरा फैल रहा है। यहां तक कि बरसाती नाले भी गंदगी से अटे हुए है। स्थानीय निवासियों के अनुसार नालों की दो वर्षो से सिर्फ कागजों में ही सफाई की जा रही है। कस्बे सफाई व्यवस्था बनाने में 132 सफाई कर्मियों के ड्यूटी है, लेकिन सफाई कस्बे के गली-मोहल्लों में सफाई के नाम पर खानापूर्ति की जा रही है।



रेवाड़ी। धारूहेड़ा के मुख्य मार्ग पर लगा गंदगी का ढेर। फोटो : हरिभूमि

### विभाग सफाई के प्रति सुस्त

कस्बे के मुख्य मार्गों पर जगह-जगह गदंगी के ढेर है। नपा अधिकारियों की ओर से इस ओर ध्यान तक नहीं दिया जा रहा है। कस्बावासी गंदगी में रहने को मजबूर है। स्थानीय निकाय की ओर से लोगों को सिर्फ स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है, लेकिन विभाग स्वयं सफाई के प्रति सुस्त है। नंदरामपुर बास रोड व सोहना रोड के नालों की सफाई के लिए ठेका जरूर दिया गया, लेकिन महज खानापूर्ति करके नाले साफ कर दिए गए, जबकि वर्तमान सभी नाले गंदगी से अटे पड़े है। समाजसेवी जेपी यादव ने बताया कि दो माह पूर्व हुई ग्रीवेंश कमेटी की बैठक में शहरी निकाय मंत्री विपुल गोयल ने कस्बे के नालों की सफाई के आदेश दिए थे, लेकिन नगरपालिका ने मंत्री के आदेशों को भी अनसुना कर दिया।

## बिठवाना में युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दी

रेवाड़ी। बिठवाना गज्जीवास में अपने भाई के साथ किराए के मकान में रह रहे मूल रूप से सोनीपत निवासी एक युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर जान दे दी। वह शराब पीने का आदि बताया जा रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। सोनीपत के बिचपड़ी का रहने वाला 40 वर्षीय संजय अपने भाई श्याम सुंदर के पास बिठवाना गज्जीवास में किराए के मकान पर रह रहा था। श्याम सुंदर एक कंपनी में कार्यरत है। संजय कुछ दिन पहले ही अपने भाई के पास रहने के लिए आया था। श्याम सुंदर किसी काम से घर से बाहर गया हुआ था। जब वह वापस आया तो संजय फर्श पर अचेतावस्था में पड़ा हुआ था। उसके पास ही कीटनाशक की शीशी पड़ी हुई थी। वह उसे उठाकर अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। संजय के भाई के मुताबिक वह शराब पीने का आदि था। उसने शराब के नशे में ही जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया, जिससे उसकी मौत हो गई। मॉडल टाउन थाना पुलिस ने सूचना मिलने के बाद शव का पोस्टमार्टम करा दिया।

## बंदरों को पकड़ने के लिए एजेंसी को ठेका देने का निर्णय लिया



रेवाड़ी। समाधान शिविर में अपनी समस्याएं रखते हुए महिलाएं। फोटो : हरिभूमि

- शिव कॉलोनी के निवासियों ने दूषित पेयजल आपूर्ति, सफाई व्यवस्था तथा कचरा उठान की समस्याएं रखी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोसली

कोसली में आयोजित समाधान शिविर में वीरवार को एसडीएम विजय कुमार यादव ने आमजन की समस्याएं सुनीं। शिविर में कोसली स्टेशन के समीप स्थित शिव कॉलोनी के निवासियों ने शिकायत दी कि कॉलोनी में बंदरों का आतंक दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। पिछले महीने महिलाओं और बच्चों को बंदरों के हमले की आधा दर्जन से अधिक घटनाएं हो चुकी हैं। घरों में महिलाओं को दिन-भर बंदरों के आने का खतरा बना रहता है। एसडीएम ने समस्या को लेकर कोसली के सरपंच रामकिशन जांगड़ा, नाहड़ के सरपंच महेंद्र सिंह एवं बीडीपीओ अनिल यादव के साथ मीटिंग की, जिसमें बंदरों को पकड़ने के लिए प्राइवेट एजेंसी को ठेका देने का निर्णय लिया गया।

### दूषित पेयजल की समस्याएं रखी

शिव कॉलोनी के निवासियों ने दूषित पेयजल आपूर्ति, सफाई व्यवस्था तथा कचरा उठान की समस्याएं रखी। समाधान शिविर में गांव गुड़ियानी निवासी 75 वर्षीय सुभाष ने शिकायत दी कि वह सुर्खपुरा रोड पर अपनी वृद्धा पत्नी के साथ रहता है। उसके घर के सामने कुछ लोग रोजाना कूड़ा डाल रहे हैं, मना करने पर जान से मारने की धमकी देने लगते हैं। एसडीएम ने बीडीपीओ को इस मामले में प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अलावा बीपीएल सूची से नाम कट जाने, वृद्धावस्था पेंशन शुरू करवाने, परिवार पहचान-पत्र में आय कम कराने, स्कूल प्रबंधन से विद्यार्थी की एसएलसी न मिलने की शिकायतें भी रखी गई। शिविर में डीएसपी विद्यानंद, बीडीपीओ अनिल यादव, उप अधीक्षक राजेश कुमार, स्टेनो वीर सिंह, दलसिंह आर्य, सहायक रणधीर, बिजली विभाग के एसडीओ रोहित कुमार, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ठ अभियंता दीपांशु व कल्याण विभाग से रामभतेरी सहित विभिन्न गांवों के लोग मौजूद थे।

## दुर्घटनाग्रस्त गाड़ी का सामान चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

कसोला चौक के पास एक स्विफ्ट कार एक्सिडेंट होने के बाद उसका सामान चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से चोरी का सामान बरामद कर लिया गया। गांव ऊंचा निवासी दीपक यादव ने पुलिस को दर्ज शिकायत में बताया था कि गत 5 अप्रैल को उसकी स्विफ्ट डिजायर गाड़ी का कसोला चौक के पास एक्सिडेंट हो गया था। उसने अपनी गाड़ी क्रेन से टोचन करवाकर सुरक्षा की दृष्टि से सेक्टर-3 स्थित जीएसटी कार्यालय के सामने खड़ी की थी। गत 7 अप्रैल को जब उसने अपनी गाड़ी को देखा तो गाड़ी का ड्राइवर साइड का शीशा टूटा हुआ था। गाड़ी के अंदर से एक बैटरी, 2 जैक, 2 पाना, 1 रॉड और पर्स में रखे करीब 3-4 हजार रुपये गायब थे। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने सेक्टर-3 निवासी जय राय उर्फ जयराज को इस मामले में गिरफ्तार लिया। कब्जे से चोरी किए गए 2 जैक व 1 पाना बरामद किए गए हैं। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।



## नशीला पदार्थ सुंघाकर ठगी करने का चौथा आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर

- पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 36 हजार रुपये की नकदी बरामद की

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

वर्ष 2024 में राजीव चौक के पास एक महिला को नशीला पदार्थ सुंघाकर नकदी व जेवरात ठगने के मामले में एक और आरोपी को अदालत से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद तीन दिन के रिमांड पर लिया गया है। 15 फरवरी 2024 को सेक्टर-3 में रहने वाली मूल रूप से महेंद्रगढ़ के खैराना निवासी एक महिला ने पुलिस शिकायत में बताया था कि वह राजीव चौक से पैदल अपने घर की ओर जा रही थी। इसी दौरान दो युवक उसे नशीला पदार्थ सुंघाकर उसके गले की सोने की चेन, अंगूठी, कानों के कुंडल, स्मार्ट फोन, दो साड़ी व पर्स लेकर फरार हो गए। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर तीन आरोपी यूपी के जिला मेरठ गांव आशिफाबाद समसपुर निवासी फिरोज, उतराखंड के जिला उधमसिंह नगर गांव कोपा ठंडा नाला गुलरभोज निवासी सैफुदिन अली उर्फ सैफु व रफाकत को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में आरोपियों ने बताया था कि वह अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर घरेलू व कामकाजी महिलाओं को झांसा देकर उन्हें अपने विश्वास में लेकर उपरोक्त वारदात को अंजाम देते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए सामान को बेचकर प्राप्त की गई राशी में से 36 हजार रुपये की नकदी बरामद की। सीआईए ने इस मामले में एक और आरोपी उतराखंड के जिला उधमसिंह नगर गांव कोपा ठंडा नाला गुलरभोज निवासी ऐजाज को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है।




रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### अब एक सप्ताह तक मौसम साफ रहने की संभावना, फसल निकालने के कार्य ने पकड़ा जोर

## दस दिन बाद मौसम से मिली राहत, ठंड का असर बरकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रेवाड़ी

लगभग दस दिनों के बाद मौसम खुला रहने से किसानों को काफी राहत मिली है। आंशिक बादलों के बावजूद बूंदाबांदी तक नहीं हुई। अब मौसम के जल्द साफ होने की संभावना है। अभी तक मौसम ठंडा बना हुआ है। अगले दो-तीन दिन बाद तापमान में लगातार वृद्धि होने का अनुमान लगाया जा रहा है। बार-बार हो रही बारिश और बीच में ओलावृष्टि ने अप्रैल माह के शुरू में ही मौसम ठंडा बना दिया है। सुबह के समय लोगों को एक बार फिर से गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। खासकर रात के तापमान में गिरावट का असर दिन में देखने को मिल रहा है। तापमान सामान्य से 7.0 डिग्री तक कम चल रहा है, जिस कारण अप्रैल में शुरू होने वाली भारी गर्मी का असर अभी तक देखने को नहीं मिला है। मार्च माह के शुरू में ही गर्मी का असर बढ़ना शुरू हो गया था, लेकिन दूसरे पखवाड़े के बाद से बारिश और बूंदाबांदी ने मौसम ठंडा बनाए रखा है। इस सप्ताह के शुरू में अच्छी बारिश और ओलावृष्टि के बाद तापमान 30.0 डिग्री से भी नीचे आ गया, जिससे एसी और पंखे तक चलने बंद हो गए। वीरवार को सुबह से ही आसमान पूरी तरह साफ बना रहा। अधिकतम तापमान 1.5 डिग्री सेल्सियस बढ़कर 29.0 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान 0.5 डिग्री की वृद्धि के साथ 15.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर कम होकर 40 प्रतिशत पर आ गया। दोपहर बाद आंशिक बादल छाने शुरू हो गए, परंतु बारिश की कोई संभावनानजर नहीं आ रही थी।



रेवाड़ी। वीरवार को साफ रहा मौसम, बादलों का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

### अगले सप्ताह फिर बदलाव की उम्मीद

मौसम विभाग के अनुसार बार-बार पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के कारण अप्रैल माह के पहले पखवाड़े में कई बार बूंदाबांदी या बारिश हो चुकी है। बीच-बीच में हल्की ओलावृष्टि भी देखने को मिली। अब विक्षोभ की सक्रियता कमजोर पड़नी शुरू हो गई है, जिससे आने वाले एक सप्ताह तक मौसम साफ बना रह सकता है। 16 अप्रैल को एक बार फिर मौसम में बदलाव की संभावना जताई जा रही है।

### किसानों को मिल गई बड़ी राहत

मौसम साफ होने के बाद किसानों ने फसल निकालने का कार्य तेज कर दिया है। अभी तक मौसम फसल निकालने की राह में रोड़ा बना हुआ था। गेहूं की कटाई का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। कुछ किसान ही कटाई में पीछे चल रहे हैं। लगभग 40 फीसदी किसानों ने सरसों की फसल भी नहीं निकाली है, जिससे मंडियों में आवक ने जोर नहीं पकड़ा है। अगर मौसम साफ बना रहता है, तो मंडियों में जल्द फसलों की आवक बढ़ जाएगी।

### पाली गांव से पशुपालक की 20 बकरियां चोरी

रेवाड़ी। पाली गांव से चोर रात के समय एक पशुपालक की 20 बकरियां चोरी कर ले गए। शोर मचाने पर ग्रामीण एकत्रित हो गए, परंतु तब तक चोर बकरियां लेकर फरार हो चुके थे। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद चोरों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए। पुलिस शिकायत में पाली निवासी अनिल ने बताया कि उसने ढाणी गुर्जर की ओर जाने वाले रास्ते पर खेतों में मकान बनाया हुआ है। वह बकरी पालन का कार्य करता है। उसके बाड़े में छोटी-बड़ी 30 बकरियां थीं। रात के समय गाड़ी लेकर चोर उसके बाड़े में पहुंच गए। बकरियों के मिमियाने की आवाज सुनकर वह बाड़े की ओर गया, तो आरोपी गाड़ी लेकर भागने लगे। उसने गाड़ी का पीछा करते हुए शोर मचाया, परंतु आरोपी फरार होने में कामयाब हो गए। गिनती करने पर उसे 20 बकरियां कम मिलीं। थाना खोल पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से चोरों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।



शैल को स्कूल जाते समय गिलहरी का एक प्यारा-सा बच्चा मिल गया। वह उसे अपने साथ स्कूल ले आया। क्लास के बच्चों ने जब ए, बी, सी और वन, टू, थ्री गाकर सीखा तो गिलहरी के बच्चे ने भी एल्फाबेट और काउंटिग रट ली। इसके बाद जो हुआ, बहुत ही मजेदार रहा!

# पढ़ने लगा गिलहरी का बच्चा!





गुजराती कहानी

पुष्पा अंताणी

एक गिलहरी थी। वह अपने नन्हे से बच्चे के साथ रहती थी। गिलहरी को सुबह से लेकर शाम तक दौड़ती हुई देखकर बच्चे ने उससे कहा, 'मां, तुम सारा दिन दौड़ती रहती हो, तो क्या तुम थकती नहीं हो?'

मां बोली, 'क्या करूं, बेटा! दौड़ना तो पड़ेगा ही ना! मैं यदि दौड़ूंगी नहीं, आराम से बैठी रहूंगी तो फिर हम खाएंगे क्या?'

बच्चे ने कहा, 'मां, क्या मैं तुम्हारी कुछ मदद करूं?'

गिलहरी ने प्यार से जवाब दिया, 'नहीं, तुम अभी बहुत छोटे हो, पहले तुम बड़े हो जाओ, बाद में मेरी मदद करना। जाओ, अभी तो तुम बाहर जाकर खेलो।'

बच्चा खेलने के लिए बाहर दौड़ गया। वहां स्कूल जा रहे नन्हे-मुन्ने शैल की नजर एक पेड़ के तने के पास खेल रहे इस गिलहरी के बच्चे पर पड़ी। उसे वह बच्चा बहुत पसंद आ गया। वह चुपके-चुपके, लुकते-छिपते उसके पास आया ताकि गिलहरी के बच्चे को पता नहीं चले, फिर उसे पकड़ लिया। बच्चा भी बहादुर था, पर शैल ने उसे अचानक ही पकड़ा था, वह कांपने लगा। बच्चे को कांपता देखकर शैल समझ गया कि वह डर गया है। इसलिए वह बच्चे को प्यार से अपने हाथों से सहलाते हुए बोला, 'तुम मुझसे बिल्कुल डरना मत। मैं तुम्हें जरा भी परेशान नहीं करूंगा। मैं तो तुम्हारा दोस्त हूं।'

गिलहरी के बच्चे ने कहा, 'क्या तुम मेरे साथ खेलोगे?' 'हां, मैं तुम्हारे साथ जरूर खेलूंगा, पर अभी तो मैं स्कूल जा रहा हूं। तुम मेरे साथ चलोगे?' शैल ने पूछा।

गिलहरी का बच्चा शैल के साथ स्कूल जाने के लिए तैयार हो गया। शैल ने तुरंत उस बच्चे को बस्ते के अगले वाले खाने में रख दिया, उसके बाद वह स्कूल आ गया। उसका कोई दोस्त बच्चे को देखे, उससे पहले गिलहरी के बच्चे को क्लास की खिड़की के पास बैठाकर कहा, 'तुम यहीं बैठे रहना, आराम से सब कुछ देखते रहना।'

कुछ देर बाद टीचर आए। सभी बच्चों को गा-गा कर पढ़ाने लगे, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फिर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।' बच्चे भी उसी प्रकार ऊंची आवाज में बोलने लगे। कुछ देर बाद दूसरे टीचर आए। बच्चों को वह 'वन, टू, थ्री, फोर, फाइव' पढ़ाने लगे। बच्चे भी उसी तर्ज पर ऊंची आवाज में गाकर बोलने लगे। गिलहरी का बच्चा यह सब देख रहा था और सुन रहा था। वह भी अपने होंठ फड़फड़ा कर कुछ बोल रहा था। कुछ देर बाद इंटरवल हुआ। सभी बच्चे लंच करने लगे। कोई देख न ले, इसलिए शैल छिपता हुआ खिड़की के पास पहुंचा। उसने देखा कि गिलहरी का बच्चा बहुत खुश था। उस बच्चे को शैल ने अपने टिफिन में से कुछ खिलाया और खुद भी खाना खाया। बच्चे को बड़ा मजा आया। वह कूदने-फुदकने लगा। इससे शैल के सभी मित्रों को पता चल गया कि उनकी क्लास में गिलहरी का बच्चा आया हुआ है। सारे इकट्ठा हो गए, गिलहरी के बच्चे को खिलाने लगे। शैल ने अपने दोस्तों से कहा, 'कोई उसे तंग नहीं करना।' क्लास के सभी बच्चे मिलकर खूब खेले, मजे किए। बाद में पढ़ने के लिए बैठ गए। गिलहरी का बच्चा भी पुनः खिड़की के पास बैठ गया।

स्कूल में छुट्टी होने पर सब अपने-अपने घर जाने लगे। रास्ते में उस पेड़ के पास पहुंचने पर शैल ने गिलहरी के बच्चे से कहा, 'क्या तुम मेरे घर चलोगे?'

बच्चा बोला, 'मेरी मां, मेरा रास्ता देख रही होगी। मैं अभी तो जाऊंगा, शाम को खेलने के लिए आऊंगा।'

शैल ने कहा, 'मैं इसी जगह तुम्हारा इंतजार करूंगा।'

बच्चा तो दौड़ता हुआ अपनी मां के पास चला गया। मां ने उसे देखते ही पूछा, 'कहां था तू इतनी देर से? मुझे तेरी बहुत चिंता हो रही थी। क्या कर रहा था तू?' बच्चा मां को जवाब देने के बजाय ऊंची-ऊंची आवाज में गाने लगा, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।'

मां तो अपनी आंखें फाड़े अपने बच्चे को देखती ही रह गई। वह बोली, 'तुम यह क्या बोल रहे हो? मेरी समझ में कुछ नहीं आ रहा है।'

बच्चा तो फिर आगे गाने लगा, 'वनटू.थ्री.फोर फाइव., सिक्स., सेवन., ऐट., नाइन., टेन.!' यह सुनकर गिलहरी घबरा गई। उसने सोचा कि उसके बच्चे को किसी ने कुछ कर दिया है या फिर वह पगला गया है। मां बच्चे को बगल वाले पेड़ पर रह रहे कौए के पास लेकर गई, उससे बोली, 'कौआ भाई! देखो तो मेरे बच्चे को कुछ हो गया है। मैं उसे जो कहती हूं, वह उसकी समझ में नहीं आ रहा। वह ना जाने क्या बोल रहा है, मेरी समझ में नहीं आ रहा है! आप जरा देखिए तो, कुछ आपकी समझ में आ रहा है?'

कौए ने बच्चे से कहा, 'क्यों क्या हुआ है तुम्हें?'

बच्चा तुरंत गाने लगा, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।' थोड़ी सांस लेकर फिर बोलने लगा,'वनटू थ्री फोर फाइव सिक्स सेवन ऐट नाइन टेन।'

कौआ चौंका, 'अरे बाप रे! इसे तो कुछ हो गया है। पास में ही रह रहे बंदर वैद्य को दिखाओ, तब पता चलेगा इसे क्या हुआ है?' गिलहरी तुरंत बच्चे को लेकर बंदर वैद्य के पास गई। उससे बोली, 'बंदर वैद्य जी, देखिए तो मेरे बच्चे को क्या हो गया है? उसे जल्दी-जल्दी अच्छा कर दीजिए!' बंदर वैद्य ने बच्चे को जांचा। वह तो चुस्त-दुरुस्त ही था। उसने बच्चे से पूछा, 'तुम्हें क्या हुआ है?'

बच्चा तुरंत गाने लगा, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।'

यह सुनकर बंदर वैद्य बोला, 'ओ मां! यह तुम क्या बोल रहे हो?'

बच्चा फिर से वही बोलने लगा, 'वन टू थ्री फोर फाइव।' बंदर चिंतित होकर बोला, 'गिलहरी, तुम्हारी बात सही है। तुम्हारे बच्चे को सच में कुछ हो गया है!'

यह सुनकर गिलहरी रोने लगी। घर लौटते हुए रास्ते में जो भी मिलता, उससे अपने बच्चे को ठीक कर देने के लिए विनती करती। ऐसा करते हुए शाम हो गई। शाम हो जाने पर शैल को गिलहरी का बच्चा दिखाई नहीं दिया, तो वह उसे खोजने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में उसे उसके दोस्त भी मिले। सब मिलकर बच्चे को खोजने लगे। बच्चा तो कहीं नजर नहीं आया। तभी गिलहरी के बच्चे की दूर से आ रही आवाज सबने सुनी।





वह गा रहा था, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट।' पहले तो किसी की समझ में नहीं आया, लेकिन बाद में शैल की समझ में आ गया कि गिलहरी का बच्चा भी आज स्कूल से ऐसा बोलना सीख कर आया है। सब खुश हो गए और नाचते-कूदते, गाने लगे, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, सी फॉर कैट, डी फॉर डॉग, ई फॉर एलिफेंट।'

गिलहरी ने उनकी यह आवाज सुनी तो बोली, 'अरे, मेरा बच्चा भी ऐसा ही बोल रहा है!' गिलहरी के बच्चे ने भी शैल और उसके दोस्तों की आवाज सुनी तो वह दौड़कर उनके पास गया।

गिलहरी के बच्चे को देखकर सब खुशी से झूमने लगे और गाने लगे, 'ए फॉर एप्पल, बी फॉर बॉल, वन टू थ्री फोर फाइव!' गिलहरी का बच्चा भी सबके साथ नाचता जाता और गाता जाता। गिलहरी, कौआ, बंदर और अन्य प्राणी फटी आंखों से यह तमाशा देखते ही रहे। *

**हिंदी अनुवाद : रजनीकांत एस. शाह**




सभी इमेज: एआई

## जीके क्विज-200

1. उत्तर भारत का पहला ग्लास ब्रिज किस स्थान पर बनाया जाएगा?
2. दुनिया की पहली डिजिटल जनगणना किस देश में शुरू की गई है?
3. पानीपत की दूसरी लड़ाई किसके बीच हुई थी?
4. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के वर्तमान अध्यक्ष कौन हैं?
5. प्रसिद्ध प्राचीन ग्रंथ 'मुद्राराक्षस' के रचयिता कौन हैं?
6. अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का मुख्यालय कहां स्थित है?
7. कौन-सा ग्रह सबसे कम समय में सूर्य का चक्कर लगाता है?
8. कौन-सा विटामिन आंखों के लिए सर्वाधिक लाभदायक होता है?
9. स्वतंत्र भारत के पहले कानून मंत्री कौन थे?
10. क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बड़ा राज्य कौन-सा है?



**बच्चो, जीके क्विज-200 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-199 का उत्तर:** 1. आरसीबी, 2. छत्तीसगढ़, 3. 18 अप्रैल, 4. देहरादून, 5. सिकंदर लोदी, 6. पंजाब, 7. विटामिन बी और विटामिन सी, 8. वुलर झील, 9. जोधपुर, 10. भारत-पाकिस्तान

**जीके क्विज-199 का सही उत्तर देने वाले:** कबीर-हिसार, अनुभव-राजनांदगांव, सचिन-दुर्ग, रमेश-बैकुंठपुर, कविता-रायपुर, तनिष्क-रोहतक, कोमल-बिलासपुर, रचित-महासमुंद, आकाश-बलौदा बाजार, कनिका-बालोद

## हंसगुल्ले

**अजय:** यार, आजकल मुझे रात को ठीक से नींद नहीं आती। क्या तुम्हें अच्छी नींद आती है?
**विजय:** हां, मैं तो 'घोड़े बेचकर' सोता हूं।
**अजय:** अच्छा! तो तुमने अब तक कितने घोड़े बेच दिए?
**-नैतिक, दिल्ली**



**रोहन:** क्या जुबान के भी पैर होते हैं?
**सोहन:** नहीं।
**रोहन:** फिर मम्मी क्यों कहती हैं कि तेरी जुबान दिन भर चलती रहती है?
**-काव्या, जबलपुर**

**राजू, सोनू और मोनू,** तीनों एक ही साइकिल पर जा रहे थे। एक ट्रैफिक पुलिस वाले अंकल ने उन्हें रोक लिया।
**राजू:** सॉरी अंकल, हमारी साइकिल पर और जगह नहीं है। प्लीज, आप किसी और से लिफ्ट ले लें। **-जतिन, रायपुर**

वनस्पति जगत

नयनतारा


बच्चो, जंगलों में बहुत ही विशाल और अनोखे पेड़ पाए जाते हैं। इनमें एक पेड़ है जायंट सिकोइया। इसे 'जंगल का पिता' कहा जाता है। जानो, इस अनोखे पेड़ के बारे में।

# जंगल का पिता कहलाता है विशाल-अनोखा पेड़ जायंट सिकोइया

बच्चो, पेड़ एक तरह से पृथ्वी के फेफड़े होते हैं, क्योंकि वे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं ताकि हम सांस लेकर जिंदा रह सकें। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि पृथ्वी पर 3 ट्रिलियन से अधिक पेड़ हैं। पेड़ों का भी अनोखा आश्चर्यजनक संसार है, दुनिया भर में एक से बढ़कर एक अनोखे पेड़ पाए जाते हैं। एक पेड़ तो ऐसा था, जो करीब 2,000 साल तक जीवित रहा। उस पेड़ का तना इतना बड़ा था कि उसके बीच से होकर बनाए गए रास्ते में से घुड़सवार भी निकल सकते थे। उस पेड़ का नाम-जायंट सिकोइया था। इस प्रजाति के पेड़ आज भी दुनिया में मौजूद हैं।

**इसलिए कहते हैं जंगल का पिता:** जायंट सिकोइया के पेड़ पूरे जंगल की क्षमता और ताकत का प्रतिनिधित्व करते हैं। प्रारंभिक दौर के मूल जायंट सिकोइया के जो अवशेष मिले हैं, उससे पता चलता है कि वह 400 फीट से अधिक ऊंचा रहा होगा, प्राकृतिक संसार पर यह राजा की तरह राज करता होगा। प्रकृति का रियल लीजेंड है जायंट सिकोइया, इसलिए इसे 'जंगल का पिता' कहते हैं।

**अब भी मौजूद हैं इस प्रजाति के पेड़:** बच्चो, सबसे पुराने जायंट सिकोइया के वृक्ष तो अब नष्ट हो चुके हैं। लेकिन इस प्रजाति के वृक्ष आज भी अमेरिका के कैलिफोर्निया राज्य में सिएरा नेवादा पर्वत श्रृंखला के ढलानों पर धुंध भरे वातावरण में उगते हैं। ये पेड़ 900 से 2,600 मीटर की ऊंचाई पर स्थित ग्रोव्स (उपवनों), विशेष रूप से सिकोइया नेशनल पार्क, किंग्स कैन्यन नेशनल पार्क और कैलावेरस बिग ट्रीज स्टेट पार्क में पाए जाते हैं।






**आग में भी रहते हैं सुरक्षित:** जायंट सिकोइया पेड़ की छाल लगभग दो फीट मोटी होती है, इनमें कोई ज्वलनशील पदार्थ नहीं पाया जाता है, जिससे ये पेड़ जंगल की आग जैसी आपदाओं में भी बचे रह जाते हैं। कई बार तो जंगल की आग इस पेड़ के लिए फायदेमंद साबित होती है। बच्चो, जायंट सिकोइया के बीज इस पेड़ की शाखाओं पर उगने वाले शंकु (कोन) के अंदर पाए जाते हैं। ये कोन पेड़ पर लगभग 20 साल तक लटके रहते हैं। जंगल की आग की गर्मी में इनके कोन सूख जाते हैं और ओटमील के दाने जैसे छोटे-छोटे बीजों को मिट्टी में छोड़ देते हैं, जिससे जायंट सिकोइया के नए पेड़ पनपते हैं।

**पी जाता है डेली 300 गैलन पानी:** एक पूरा विकसित जायंट सिकोइया का पेड़ दिनभर में लगभग 300 गैलन पानी पी जाता या जमीन से सोख लेता है। यह पेड़ काफी विशाल तो होता है, पर इसकी जड़ें काफी गहराई तक नहीं पहुंच पाती हैं। इसकी जड़ें सिर्फ 6 से 12 फीट गहराई तक ही जा पाती हैं। ऐसे में इस विशाल पेड़ को संतुलित रखने के लिए इसकी जड़ें चौड़ाई में फैल जाती हैं।

**आयु होती है हजारों वर्ष:** जायंट सिकोइया पेड़ की आयु हजारों वर्ष की हो सकती है। यह पेड़ अधिक पुराने होने या किसी पादप-रोग से नहीं नष्ट होते, बल्कि कई बार अपनी विशालता, वजन और असंतुलन की वजह से गिर पड़ते हैं। *

कविता / घमंडीलाल अग्रवाल

## बैसाखी त्योहार अनोखा

बैसाखी त्योहार अनोखा
जोश जगाता है,
बच्चों, बड़ों और बूढ़ों के
मन को भाता है।
बोई हुई फसल खेतों की
पककर कट जाती,
खाली खलिहानों में दानों
की बहार आती,
मजदूरों के श्रम का पूरा
मोल चुकाता है।
नई तरह की मस्ती छाए
पांव थिरक उठते,
घोर निराशाओं के बादल
राहों में लुटते,
जीवन का संगीत सुहाना
खूब सुनाता है।
दिशा-दिशा में मुस्कानों की
एक लहर आए,
अपनेपन की खुशबू से जग
सारा भर जाए,
जो हो गए दूर थे उनको
पास बुलाता है।



## रंग भरो-199

**रंग भरो-199** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





**श्रेया, दुर्ग**



डॉली, दुर्ग



आशुतोष, उमरिया



त्रियांश, धमतरी



रुपाली, बिलासपुर



आशना, जांजगीर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

काशवी-रायपुर, माही-महासमुंद, रायशा-बिलासपुर, शैलेश-राजनांदगांव, उमंग-खैरागढ़, रुपाली-बिलासपुर, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, असित-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, सुरभि-करनाल, कुसुम-कोरबा

## रंग भरो 200



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में दो बच्चे झूला झूल रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

## चार दोस्तों की रोमांचक कहानी

बच्चो, तुमको सुपरहीरोज की कॉमिक स्टोरीज पढ़ने में बहुत मजा आता होगा। इन हीरोज के पास तो सुपर पॉवर होती हैं। इसलिए वे कठिन से कठिन काम भी आसानी से कर लेते हैं। लेकिन इस नॉवेल 'धमाल चौकड़ी और रावण टेकड़ी का रहस्य' में तुम्हारे जैसे ही चार सामान्य बच्चों की कहानी है, जिनके पास कोई सुपर पावर नहीं है। लेकिन फिर भी चारों दोस्त ध्रुव, किट्टू, एकांश और युग किस बहादुरी, साहस और समझदारी से घने जंगल के बीच स्थित एक पुराने खजाने का पता लगाते हैं, इसे पढ़कर तुम रोमांच से भर उठोगे।



कहानी की शुरुआत होती है, जब ध्रुव दिल्ली से अपने मामा के घर रामपुर पहुंचता है। वहां उसकी दोस्ती पड़ोस में रहने वाली नटखट किट्टू और जुड़वा भाई युग और एकांश से होती है। वे साथ में खेलते, मस्ती करते हैं। इसी बीच उन्हें रावण टेकड़ी के प्राचीन खजाने से जुड़े नक्शे के बारे में पता चलता है। फिर चारों कैसे वहां तक पहुंचते हैं, उनके सामने कैसी चुनौतियां आती हैं और वे कैसे उनका सामना करके अपने लक्ष्य को पाते हैं, यह जानने के लिए तुमको यह किताब पढ़नी होगी। बच्चो, नॉवेल रहस्य-रोमांच से भरा है, पढ़कर तुम्हें मजा आएगा। *

**किताब:** धमाल चौकड़ी और रावण टेकड़ी का रहस्य, **लेखक:** मिथिलेश गुप्ता, **मूल्य:** 249 रुपए, **प्रकाशक:** फ्लाईड्रीम्स पब्लिकेशंस, दिल्ली

## खबर संक्षेप

### परीक्षा परिणाम में यदुवंशी कॉलेज ने लहराया परचम

**नारनौल।** हाल ही में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की ओर से एम इंग्लिश प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें यदुवंशी डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने बहुत ही बेहतरीन परिणाम दिया। कॉलेज की छात्रा भारती यादव पुत्री सुभाष चंद ने विश्वविद्यालय में छठा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह, संस्था निदेशिका सुरेश यादव, डॉ. प्रदीप यादव, प्राचार्य बजरंग लाल, डॉ. सोनल यादव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

### डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती का दिया निमंत्रण

**नांगल चौधरी।** डॉ. भीमराव आंबेउकर सेवा समिति ने प्रधान ईश्वर सिंह के नेतृत्व में दत्ताल, कालबा, नांगल चौधरी समेत 10 गांवों में डोर टू डोर जनसंपर्क करके आंबेडकर जयंती समारोह का निमंत्रण दिया है। इस दौरान गांव वाइज युवाओं को समारोह में अनुशासन बनाने तथा भीड़ जुटाने की जिम्मेवारी सौंपी गई। उन्होंने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने शोषित और पिछड़े वर्ग को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए लंबा संघर्ष किया है।

### मोहनपुर नांगल के युवक की मौत

**महेंद्रगढ़।** गांव मोहनपुर नांगल निवासी एक युवक की पेट में दर्द होने से मौत हो गई। परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। पुलिस ने वीरवार को नागरिक अस्पताल में युवक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले की आगे की कार्रवाई में जुटी है, हालांकि अभी तक कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है। मृतक की पहचान गांव मोहनपुर नांगल निवासी 18 वर्षीय पवन कुमार के रूप में हुई है। पवन आईटीआई करके अप्रेंटिस कर रहा था।

### कसोला पुलिस ने केस दर्ज कर शुरू की आरोपियों की तलाश

# एचएचआईआईडीसी दफ्तर के पास डेयरी संचालक पर फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी




बावल एचएसआईआईडीसी दफ्तर के पास डेयरी चलाने पर एक युवक पर बाइक सवार दो युवकों में से एक ने फायरिंग कर दी। डेयरी संचालक के नीचे झुक जाने से वह गोली लगने से बाल-बाल बच गया। फायरिंग के बाद आसपास के एरिया के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची कसोला पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद दोनों आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए।

पुलिस शिकायत में आसलवास निवासी सतबीर ने बताया कि उसने एचएसआईआईडीसी दफ्तर के पीछे गायों के दूध की डेयरी की हुई है। वीरवार सुबह करीब 6 बजे वह बाइक लेकर अपने गांव से डेयरी पर पहुंचा था। उसने आरोप लगाया कि डेयरी पर पहुंचने के बाद बाइक पर सवार अन्नू और नीरज वहां पहुंच गए। अन्नू ने उस पर पिस्टल से दो राउंड फायर किए। वह जमीन पर झुक गया, जिससे गोलियां उसके सिर के ऊपर से निकल गइं। इसके बाद दोनों आरोपी बाइक लेकर फरार हो गए। उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने सीन ऑफ क्राइम टीम को भी मौके पर बुलाया। पुलिस सूत्रों के अनुसार घटनास्थल पर सीन ऑफ क्राइम टीम ने गोली चलने की पुष्टि की। गोली का खाली खोल भी बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार गोली हवा में चलाई गई थी।

#### आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

गोली चलने की सूचना मिलने के बाद कसोला थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। डीएसपी सुरेंद्र श्योराण ने भी मौके पर जाकर जांच शुरू की। गोली चलने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने संभावित ठिकानों पर दबिश देते हुए दोनों आरोपियों की तलाश शुरू कर दी। मामला आपसी रंजिश से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है, जिसकी जांच की जा रही है।

# बाजार में सरसों का एमएसपी से अधिक भाव, सरकारी बंदोबस्त मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना


कनीना। गोदाम का निरीक्षण करते अधिकारी।

हाल ही में हुई बारिश से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल पसर गई, जबकि कटाई की जा चुकी सरसों की फसल काली पड़ गई। जिसे सुलझाने के लिए किसान जुट गए हैं। विकास खंड में इस बार करीब 18 हजार हेक्टेयर भूमि पर सरसों व करीब नौ हजार हेक्टेयर भूमि पर गेहूं के अलावा पांच हजार हेक्टेयर भूमि में जो, चना, आलू, मटर, गाजर, मूली, हरी मिर्च व हरा चारा की फसल की पैदावार की गई। सरसों व गेहूं की फसल पर मौसम की मार पड़ने से किसानों के अरमान आंसू बनकर बह रहे हैं। मौसम विभाग की ओर से बारिश व ओलावृष्टि की संभावना जताने को लेकर किसानों की चिंता बढ़ी हुई है। बादलवाई के बीच मौसम में उतार चढ़ाव रहने से दिन व रात का तापमान प्रभावित करने वाला है। मार्च के पहले पखवाड़े में तापमान बढ़ने पर पंखे कूलर व एसी की जरूरत पड़ने लगी थी। बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि होने से अप्रैल के आने तक गर्म कपड़ों की मांग हो गई। रात्रि का तापमान सामान्य से नीचे रहने पर रजाई की जरूरत महसूस हो गई।

दूसरी ओर सरसों का सरकारी रेट 6200 रुपये प्रति क्विंटल तथा बाजार भाव करीब 6500 रुपये प्रति क्विंटल होने के चलते कनीना की नई अनाज मंडी में सरकारी खरीद एजेंसी की ओर से अब तक सरसों का दाना तक नहीं खरीदा गया है। हालांकि सरकार की ओर से 28 मार्च से सरसों की खरीद शुरू की जा चुकी है। मार्केट कमेटी के चेयरमैन जेपी यादव कोटिया व वाइस चेयरमैन दीपक गुप्ता ने बताया कि फसल खरीद को लेकर मार्केट कमेटी की ओर से मंडी में बंदोबस्त पूरे किए गए है। बरसात होने से गेहूं की आवक का इंतजार है। उन्होंने बताया कि गेहूं की सरकारी खरीद 2585 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से होनी निर्धारित है।

#### अधिकारियों ने गोदाम खंगाले

अवैध रूप से सरसों व गेहूं की स्टॉक करने व किसानों को अपनी फसल मंडी में बेचने की व्यवस्थाओं को लेकर मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों ने कनीना की विभिन्न सात ऑयल मीलों व गोदामों का निरीक्षण किया। इस संयुक्त टीम में एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह, बीडीपीओ राजेश जांगू, सिटी थाना इंचार्ज, वेयर हाउस की प्रबंधक सीमा देवी, मार्केट कमेटी सचिव अजीत सिंह शामिल थे। जिन्होंने ऑयल मील संचालकों से सरसों आवक, मार्केट फीस व लेबर संबंधी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि फसल खरीद कार्य शुरू हो गया है, कोई भी व्यापारी व मील संचालक अवैध रूप से स्टॉक न करे। किसान अपनी फसल को सीधे मंडी लेकर आए, जहां सभी प्रकार की बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी।


नारनौल। चेक सौंपते एसडीएम अनिरुद्ध यादव। फोटो : हरिभूमि

### सैनी सभा को 31 लाख की सहायता राशि प्रदान की

**नारनौल।** एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने अपने कार्यालय में सैनी सभा के प्रधान बिशन सैनी, सचिव भारत सैनी व कोषाध्यक्ष बलवंत सैनी को सरकार की ओर से 31 लाख रुपये की सहायता राशि का चेक भेंट किया। यह राशि पूर्व में आयोजित महाराजा शूर सैनी जयंती समारोह के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की ओर से की गई घोषणा के अंतर्गत जारी की गई है। कार्यक्रम के दौरान की गई घोषणाओं के क्रम में यह 31 लाख रुपये की पहली किस्त के रूप में प्रदान की गई सहायता राशि है। इस अवसर पर एसडीएम अनिरुद्ध यादव ने बताया कि यह राशि घोषित योजनाओं के तहत जारी की गई है और आगे भी शेष राशि चरणबद्ध तरीके से प्रदान की जाएगी। सैनी सभा के प्रधान बिशन सैनी, सचिव भारत सैनी व कोषाध्यक्ष बलवंत सैनी ने मुख्यमंत्री एवं प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### बंदरों को पकड़ने के लिए शहर में लगाए दो कर्मचारी

**नारनौल।** बंदरों के आतंक से परेशान शहरवासियों के लिए राहत की उम्मीद जगी है। नगर परिषद ने बंदरों को पकड़ने के लिए टेंडर छोड़ दिया है, जिस पर दो कर्मचारियों की बंदर पकड़ने की ड्यूटी लगाई है। नगर परिषद ने इन दोनों कर्मचारियों के मोबाइल नंबर भी सार्वजनिक कर दिए हैं, ताकि जहां भी बंदर दिखाई दें, इनको बताकर उन्हें पकड़वाया जा सके। शहर में बढ़ती बंदरों की समस्या पर आखिरकार प्रशासन ने बड़ा संज्ञान लिया है। डीएमसी रणबीर सिंह के दिशा–निर्देशों के बाद नगर परिषद हरकत में आ गई है और बंदरों को पकड़ने के लिए ठेका जारी कर दिया गया है। अब शहरवासियों को राहत देने के लिए खास व्यवस्था भी शुरू की गई है। नगर परिषद ने दो मोबाइल नंबर जारी किए हैं, जिन पर कॉल करके लोग अपने इलाके में बंदरों की सूचना दे सकते हैं। जारी किए गए नंबरों राजू 8813032783 तथा सुरेश 8572054086 शामिल हैं। नगर परिषद की अपील है कि जिन इलाकों में बंदरों का आतंक है, वहां के लोग तुरंत सूचना दें।

### वर्षों पुराना इंतजार होगा समाप्त, अटेली में ग्रामीण क्षेत्र की होगी कनेक्टिविटी

# 9.54 करोड़ में 21.2 किमी लंबी सड़कों का होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

अटेली विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास को गति देने के लिए स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव निरंतर सक्रिय, प्रतिबद्ध एवं प्रभावशाली नेतृत्व प्रदान कर रही हैं। आरती राव योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करते हुए उन्हें तेजी से धरातल पर उतारने के लिए निरंतर सक्रिय और प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही हैं। हरियाणा सरकार प्रदेश के हर कोने तक विकास की रोशनी पहुंचाने के संकल्प के साथ निरंतर काम कर रही है। अटेली हलके की नौ सड़कों को बनाने की मंजूरी मिली है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र की ग्रामीण कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए नौ सड़कों के निर्माण को मंजूरी मिल गई है। उन्होंने बताया कि हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड के माध्यम से क्रियान्वित होने वाली इन परियोजनाओं पर कुल नौ करोड़ 54 लाख 78 हजार 804 रुपये खर्च किए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में सरकार का मुख्य ध्येय अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक मूलभूत सुविधाएं पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि इन नौ सड़कों की कुल लंबाई 21.2 किलोमीटर है, जिनका निर्माण होने से ग्रामीणों का वर्षों पुराना इंतजार अब समाप्त होगा। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि इन सड़कों के सुदृढ़ीकरण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि किसानों को अपनी उपज मंडियों तक ले जाने में आने वाली कठिनाइयों से भी पूरी तरह निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि सड़कों की समस्या को लेकर ग्रामीण लगातार अपनी बात रख रहे थे, जिसे सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया है। स्वास्थ्य मंत्री ने विश्वास दिलाया कि इन सड़कों के बनने से क्षेत्र के आर्थिक विकास को बल मिलेगा और ग्रामीण जनजीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

#### विद्युत सब-स्टेशन की बाउंड्री वॉल के लिए टेंडर जारी



*स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि अटेली मंडी स्थित 132 केवी सब-स्टेशन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बाउंड्री वॉल का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना के लिए हरियाणा सरकार के ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम पर 85,16,809 रुपये का टेंडर जारी कर दिया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बिजली संरचनाओं की सुरक्षा और गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने बताया कि इस सब-स्टेशन की चारदीवारी बनने से वहां स्थापित कीमती उपकरणों की सुरक्षा पुख्ता होगी। टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य जल्द शुरू कर दिया जाएगा।*

# अंतर सदनीय फुटबॉल स्पर्धा के वरिष्ठ वर्ग में कटारी व कनिष्ठ में अर्जन सदन विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंड


रेवाड़ी। विजेता सदन को ट्रॉफी प्रदान करते हुए कार्यवाहन प्राचार्य व स्टाफ।

गोठड़ा अहीर स्थित सैनिक स्कूल में अंतर सदनीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय के छह सदन सुब्रोतो, अर्जन, मानेकशॉ, कटारी, करियप्पा व परेरा के मध्य समूह आधार पर लीग मैच हुए, जिसमें वरिष्ठ वर्ग में कटारी सदन व करियप्पा सदन तथा कनिष्ठ वर्ग में सुब्रोतो सदन व अर्जन सदन फाइनल में पहुंचे। संघर्षपूर्ण फाइनल मुकाबलों में वरिष्ठ वर्ग में कटारी सदन व कनिष्ठ वर्ग में अर्जन सदन विजेता बना। वरिष्ठ वर्ग में कटारी सदन ने करियप्पा सदन को 4-1 से तथा कनिष्ठ वर्ग में अर्जन सदन ने सुब्रोतो सदन को 1-0 के अंतर से पराजित कर फुटबॉल ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। इसके साथ ही गर्ल्स कैडेट्स के लिए भी फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया, जिसमें सदनवार बालिका कैडेट्स ने भाग लिया। लड़कियों की फुटबॉल प्रतियोगिता में कारगिल सदन ने रेजांगला सदन को 1-0 के अंतर से पराजित किया। कार्यवाहक प्राचार्य व प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल जयसिंह राठौड़ ने विजेता टीम को प्रमाण-पत्र व स्वर्ण पदक तथा उप विजेताओं को रजत पदक देकर पुरस्कृत किया। इस मौके पर विद्यालय उप प्राचार्या स्क्वाड्रन लीडर वंदना चौधरी व वरिष्ठ अध्यापक गजेंद्र सिंह चौहान भी मौजूद थे।

प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में कैडेट नितिन करियप्पा सदन व कनिष्ठ वर्ग में कैडेट रविशचंद्र अर्जन सदन को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का खिताब दिया गया।

# पतंजलि परिवार की बैठक में संगठन विस्तार की रूपरेखा बनाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी


रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित पतंजलि परिवार के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

वीरवार को अंसल टाउन स्थित गोक्रांति गोशाला में पतंजलि परिवार के पांच प्रमुख संगठनों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता आध्यात्मिक गुरु दलीप सिंह शास्त्री ने की। कार्यक्रम की शुरूआत में पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी दयाराम आर्य ने जिलेभर से पधारे वरिष्ठ योग शिक्षकों, कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों का स्वागत किया। बैठक में पतंजलि परिवार की ओर से संचालित गतिविधियों की समीक्षा, संगठन का विस्तार तथा आगामी योजनाओं की रूपरेखा तैयार की गई। जिला प्रभारी ने सभी कार्यकर्ताओं से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर गोसेवक स्वामी केशवदास ने यज्ञ, योग एवं आयुर्वेद के महत्व को रेखांकित करते हुए गोसम्मान अभियान से जुड़कर गोमाता के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। पूर्व जिला प्रभारी भारत स्वाभिमान ट्रस्ट डा. युद्धवीर आर्य ने योग, प्राणायाम, स्वदेशी एवं आयुर्वेद को दैनिक जीवन में अपनाने तथा नियमित यज्ञ करने का संदेश दिया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि नियमित योग कक्षाओं का संचालन सुनिश्चित करें तथा किसी कारणवश बंद हुई कक्षाओं को पुनः शुरू किया जाए। सभी सदस्यों ने दयाराम आर्य से जिला प्रभारी पद पर यथावत बने रहने का आग्रह किया, जिस पर सर्वसम्मति जताई गई। मुकेश कुमार को भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के नए जिला प्रभारी के रूप में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। पूर्व राज्य प्रभारी प्रदीप डागर ने योग साधकों, कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन की एकता, अनुशासन एवं सेवा भावना को सर्वोपरि रखने का आह्वान किया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सरोज आर्या महिला जिला प्रभारी पतंजलि योग समिति, आनंद डागर जिला युवा प्रभारी, राज सिंह जिला प्रभारी पतंजलि किसान सेवा समिति, कप्तान राजेंद्र सिंह तहसील प्रभारी भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, दयानंद आर्य तहसील प्रभारी कोसली पतंजलि योग समिति, सुरेंद्र सिंह जिला कोषाध्यक्ष भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, सोमदत्त आर्य तहसील प्रभारी कोसली भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, रोहताश आर्य तहसील प्रभारी पलहावास भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, धर्मपाल तहसील प्रभारी बावल भारत स्वाभिमान ट्रस्ट, आचार्य रामतीर्थ जिला यज्ञ प्रभारी, सुखदेव आर्य, मा. समय सिंह, सतबीर सिंह सरपंच व गोशाला संरक्षक, हवा सिंह डागर, हंसराज, अशोक कुमार काकोड़िया, पुरुषोत्तम, महिपाल यादव, रत्नदेव शास्त्री, डा. जोगिंदर सिंह यादव, मनपाल, महेंद्र सिंह ढिल्लों, सत्यवीर सिंह ढिल्लों, ओमप्रकाश, बलबीर सिंह, सुदर्शना आर्य व थानेदार वेदप्रकाश मौजूद थे।


रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित समिति के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### आंबेडकर जयंती को समानता दिवस के रूप में मनाने का लिया निर्णय

**रेवाड़ी।** दी हरियाणा अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक परिषद कीबैठक प्रदेश अध्यक्ष खुशीराम शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में अनेक वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखे। सभी ने 14 अप्रैल को अंबेडकर चौक पर डा. भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया। इस मौके पर खुशीराम शर्मा ने कहा कि डा. अंबेडकर को भारतीय संविधान के जनक के रूप में जाना जाता है। वे एक महान समाज सुधारक के साथ-साथ एक कुशल राजनीतिज्ञ भी थे। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिए लडाई लड़ी। उन्होंने देश के लिए नया संविधान तैयार किया। समिति के सदस्यों ने अंबेडकर जयंती को समानता दिवस के रूप पे मनाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर हवासिंह बोहत प्रदेश कार्यकारिणी अध्यक्ष, धर्मेन्द्र कुमार जांगिड जिलाध्यक्ष, रणजीत सिंह बागोरिया शहरी प्रधान, किशनलाल खिच्ची, भगवान दास चौहान, लीलाराम सोनी, महेन्द्र कालड़ा, बिजेन्द्र सैनी, लच्छीराम, देवेन्द्र गोयल, प्रदीप , ललित अग्रवाल, डा. विपिन शर्मा व कैलाश सोनी मौजूद थे।

- डा. आंबेडकर को भारतीय संविधान के जनक के रूप में जाना जाता है
- वे एक महान समाज सुधारक के साथ-साथ एक कुशल राजनीतिज्ञ भी थे

**अभियान** जनगणना के लिए एनुमरेटर्स-सुपरवाइजर्स को दिया जा रहा प्रशिक्षण

# जिले में 16 से शुरू होगी स्वगणना, नागरिक पोर्टल पर खुद भर सकेंगे अपनी जानकारी

- डिजिटल माध्यम से होगी पूरी जनगणना, 22 अप्रैल तक आयोजित होंगे प्रशिक्षण कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी


रेवाड़ी। जनगणना 2027 के प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग लेते एनुमरेटर्स–सुपरवाइजर्स। फोटो : हरिभूमि

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि जनगणना-2027 को सफल बनाने के लिए आम नागरिकों की भागीदारी बहुत महत्वपूर्ण है। आगामी 16 अप्रैल से स्व-गणना के लिए ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया जाएगा, जहां नागरिक पंजीकरण कर अपनी जानकारी स्वयं भर सकेंगे। इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल प्रणाली पर आधारित होगी। उन्होंने बताया कि जिले में 6 से 8 अप्रैल तक प्रशिक्षण दिया जा चुका है। 9 से 11 अप्रैल तक होने वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम में 16 बैचों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, इसके बाद 15 से 17 अप्रैल और 20 से 22 अप्रैल तक भी विभिन्न स्थानों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डीसी ने बताया कि स्व-गणना यानि सेल्फ-एन्यूमरेशन की सुविधा की जानकारी गांव-गांव और वार्ड स्तर तक पहुंचाने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए है ताकि अधिक से अधिक लोग स्वयं अपनी जानकारी दर्ज कर सकें। इसके साथ- साथ सभी विभागाध्यक्ष अपने अधीन अधिकारियों व कर्मचारियों से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करने के लिए प्रेरित करें। जानकारी जमा करने के बाद नागरिकों को एसएमएस और ई-मेल के माध्यम से एक यूनिक सेल्फ-एन्यूमरेशन आईडी मिलेगी, जिसके बाद गणना कर्मी मौके पर पहुंचकर केवल सत्यापन करेंगे। डीसी ने बताया कि जनगणना दो चरणों में आयोजित होगी। पहले चरण में 1 मई से 30 मई 2026 तक मकानों का सूचीकरण किया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में 9 फरवरी से 28 फरवरी 2027 तक जनसंख्या गणना की जाएगी। इसके अलावा 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक नागरिकों को स्व-गणना का विकल्प उपलब्ध रहेगा। जनगणना की ऑनलाइन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए निवासियों को आधिकारिक पोर्टल पर जाना होगा, वहां मोबाइल नंबर दर्ज करने के बाद एक ओटीपी प्राप्त होगा, जिसके जरिए लॉग इन किया जा सकेगा।

#### कर्मियों के लिए विशेष मोबाइल एप तैयार

डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि गणना कर्मियों के लिए विशेष मोबाइल एप तैयार किया गया है, जो ऑफलाइन मोड में भी कार्य करेगा और नेटवर्क मिलने पर डाटा अपने आप अपडेट हो जाएगा, जिससे दूरदराज क्षेत्रों में भी काम सुचारू रूप से होगा। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे सभी प्रश्नों के सही और स्पष्ट उत्तर दें, क्योंकि यह कानूनी रूप से अनिवार्य है।

### कृषि अनुसंधान केंद्र में फसल अवशेष में लगी आग

**रेवाड़ी।** बावल कृषि अनुसंधान केंद्र के फार्म में गेहूं कटाई के बाद बचे फसल अवशेष में वीरवार शाम आग लग गई। आग पर काबू पाने के लिए केंद्र के स्टाफ व विद्यार्थियों ने प्रयास शुरू किए। बाद में फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने आग पर काबू पाया। केंद्र में उन्नत किस्म की फसलों की खेती की जाती है। हाल ही में केंद्र के खेत में काटी गई गेहूं की फसल के फानों में लग गई। केंद्र की ओर से फायर ब्रिगेड को सूचना देने के साथ ही अपने स्तर पर आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। आग लगभग आधा एकड़ जमीन पर गेहूं के फानों में लगी थी। फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर जाकर आग पर काबू पाया।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत पहराजवास खण्ड जाटूसाना में एक अस्थायी सफाई कर्मी की नियुक्ति की जानी है । आवेदन सरपंच पहराजवास को 11 अप्रैल से 18 अप्रैल तक जमा करा सकते है । अधिक जानकारी के लिए सरपंच अनिता के मो० नम्बर 94664-33701 से संपर्क करें।

अनिता सरपंच
ग्राम पंचायत पहराजवास
खण्ड जाटूसाना (रेवाड़ी)

### पॉल्यूशन डिपार्टमेंट से कन्सेंट टू ऑपरेटर लेना जरूरी

# बिना सीटीओ चल रहा ईंट भट्टा डीसी ने किया लाइसेंस सस्पेंड

सहारनवास के पास कान माजरा में चल रहा ईंट भट्टा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी



रेवाड़ी। कान माजरा में लाइसेंस सस्पेंड होने के बाद भी चल रहा ईंट भट्टा। फोटो : हरिभूमि

सहारनवास के पास कान माजरा में बिना प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड के कन्सेंट टू ऑपरेटर के चल रहे ईंट भट्टे का लाइसेंस डीसी ने सस्पेंड कर दिया है। भट्टा संचालक ने कन्सेंट टू ऑपरेटर हासिल करने के लिए समय मांगा है, परंतु तब तक उसका लाइसेंस सस्पेंड रहेगा। इस समय बिना लाइसेंस के ही ईंट भट्टा संचालित हो रहा है।

गांव निवासी विक्रम सिंह ने प्रशासन से लेकर प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड तक के उच्चाधिकारियों को पत्र लिखकर बताया था कि गांव में चल रहे एक ईंट भट्टे से गांव में प्रदूषण फैल रहा है। इससे गांव में बीमारियां फैलने की आशंका बनी रहती है। भट्टा संचालन के लिए प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की ओर अनुमति नहीं ली गई है। विक्रम सिंह के अनुसार शिकायत के बाद बोर्ड की ओर से भट्टे के दस्तावेजों की जांच की गई थी, जिसमें भट्टा संचालक के पास कन्सेंट टू ऑपरेटर नहीं पाया गया था। इसकी रिपोर्ट डीसी अभिषेक मीणा को प्रेषित की गई थी। डीसी ने हरियाणा कंट्रोल ऑफ ब्रिक्स सप्लाई ऑर्डर 1972 के तहत ईंट भट्टे का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया है। नियमानुसार अब इंट भट्टे का संचालन कंन्सटेंट टू ऑपरेटर मिलने से पहले नहीं किया जा सकता।

**लाइसेंस सस्पेंड करने के बाद भी भट्टा चलता हुआ मिला, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी**

**खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की जिम्मेदारी**

लाइसेंस सस्पेंड करने के बाद ईंट भट्टे के संचालन पर रोक लगाने की जिम्मेदारी खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की होती है। शिकायतकर्ता विक्रम सिंह ने आरोप लगाया कि सस्पेंशन लेटर जारी होने के बाद विभाग के अधिकारी ईंट भट्टे पर गए भी थे, परंतु भट्टे का संचालन अभी तक हो रहा है। इस पर कोई रोक नहीं लगाई गई है। दूसरी ओर खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के एक अधिकारी ने रविंद्र कुमार ने दावा कि लाइसेंस सस्पेंड रहने की अवधि में भट्टे को बंद कराने के लिए संचालक को निर्देश दिए जा चुके हैं। अगर लाइसेंस सस्पेंड करने के बाद भी भट्टा चलता हुआ मिला, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**सस्पेंशन के बावजूद चल रहा भट्टा**



डीसी की ओर से जारी पत्र क्रमांक आईएस-2026/783 के मुताबिक डीसी ने भट्टा संचालन करने वाली फर्म को निर्देश दिए हैं कि लाइसेंस सस्पेंशन की अवधि के दौरान ईंट निर्माण से संबंधित सभी गतिविधियों को बंद रखा जाए। वैध सीटीओ मिले बिना ईंट भट्टे का संचालन नहीं किया जाए। इसके बावजूद ईंट भट्टे के संचालन को बंद नहीं किया गया था। डीसी की ओर से लाइसेंस सस्पेंड करने वाले पत्र की प्रतिलिपियां डीएफसी व हरियाणा राज्य प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड को भी प्रेषित की गई हैं।

## व्हाट्सएप यूजर्स के लिए नया साइबर खतरा बिना ओटीपी अकाउंट हो सकता है हैक

- साइबर अपराधी 'घोस्ट पेयरिंग' ट्रिक से कर रहे हैं अकाउंट का पूरा कंट्रोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा ने आमजन को व्हाट्सएप पर सक्रिय एक नए और गंभीर साइबर फ्रॉड के प्रति सतर्क रहने की अपील की है। उन्होंने बताया कि भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसी की ओर से 'घोस्ट पेयरिंग' नामक एक खतरनाक हैकिंग कैंपेन को लेकर चेतावनी जारी की है, जिसमें साइबर अपराधी बिना पासवर्ड, ओटीपी या सिम स्वैप के ही व्हाट्सएप अकाउंट को अपने कब्जे में ले लेते हैं। एसपी ने बताया कि इस साइबर ठगी में अपराधी किसी परिचित कॉन्टेक्ट के नाम से व्हाट्सएप पर एक संदिग्ध लिंक भेजते हैं, जैसे हॉय-चैक दिस फोटो या देखो यह फोटो। जैसे ही यूजर इस लिंक पर क्लिक करता है, एक फर्जी फेसबुक या मीडिया व्यूअर पेज खुलता है, जो वेरिफिकेशन के बहाने मोबाइल नंबर डालने को कहता है। नंबर डालते ही हैकर्स व्हाट्सएप के लिंक डिवाइस वाया फोन नंबर फीचर का गलत इस्तेमाल कर अकाउंट को अपने डिवाइस से जोड़ लेते हैं। एसपी ने बताया कि इस तरीके से ठग बैकग्राउंड में छिपकर यूजर के पुराने मैसेज पढ़ सकते हैं, रीयल-टाइम चैट देख सकते हैं और यूजर की ओर से उसके कॉन्टेक्ट्स को फोटो, वीडियो या मैसेज भेज सकते हैं। इससे न केवल निजता भंग होती है, बल्कि ठगी का दायरा तेजी से फैलता है।

**ओटीपी या निजी जानकारी दर्ज न करें**



एसपी ने कहा आमजन किसी भी अनजान या संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें और किसी बाहरी वेबसाइट पर अपना मोबाइल नंबर, ओटीपी या निजी जानकारी दर्ज न करें। व्हाट्सएप सेटिंग्स में जाकर नियमित रूप से लिंग डिवाइसेज सेक्शन चेक करें और यदि कोई अनजान डिवाइस जुड़ा दिखे तो तुरंत उसे लॉगआउट करें। अतिरिक्त सुरक्षा के लिए टू-स्टैप वेरिफिकेशन को हमेशा ऑन रखें। उन्होंने कहा कि यदि किसी को संदेह हो कि उसका अकाउंट हैक हो गया है, तो तुरंत इंटरनेट बंद करें, व्हाट्सएप सेटिंग्स चेक करें और आवश्यक सुरक्षा कदम उठाएं। किसी भी साइबर ठगी की स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें या साइबरक्राइम.जीओवी.इन पर शिकायत दर्ज कराएं। एसपी मीणा ने कहा कि साइबर अपराधी छोटी सी लापरवाही का फायदा उठाते हैं।

## ओखा-शकूरबस्ती सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन का संचालन 14 से

रेवाड़ी। रेलवे की ओर से ग्रीष्मावकाश पर यात्रियों की सुविधा के लिए ओखा-शकूरबस्ती-ओखा सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ अमित सुदर्शन ने बताया कि गाड़ी संख्या 09523 ओखा-शकूरबस्ती सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल टेन 14 अप्रैल से 30 जून तक ओखा से प्रत्येक मंगलवार को सुबह 10:20 बजे रवाना होकर बुधवार को जयपुर स्टेशन पर अलसुबह 4:10 बजे आगमन व 4:20 बजे प्रस्थान कर सुबह 10:35 बजे शकूरबस्ती पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 09524 शकूरबस्ती-ओखा सुपरफास्ट साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 15 अप्रैल से 1 जुलाई तक शकूरबस्ती से प्रत्येक बुधवार को दोपहर 1:15 बजे रवाना होकर जयपुर स्टेशन पर शाम 6:20 बजे आगमन व 6:30 बजे प्रस्थान कर वीरवार को दोपहर एक बजे ओखा पहुंचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में द्वारका, खंभालिया, जामनगर, हापा, राजकोट, वांकानेर, सुरेन्द्रनगर, विरमगाम, महेसाना, ऊंझा, सिद्धपुर, पालनपुर, आबूरोड, फालना, मारवाड़, ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई, अलवर, रेवाड़ी, गुरुग्राम व दिल्ली कैंट स्टेशनों पर ठहराव करेगी।

## डीसी ने अवैध कब्जे हटवाने और पब्लिक टॉयलेट के सुधार के दिए निर्देश



रेवाड़ी। डीसी अभिषेक मीणा ने वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई की। समाधान शिविर में बेरली कलां से कुमरोधा सड़क मार्ग पर हो रहे अवैध कब्जे की शिकायत पर डीसी ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को जांच कर कब्जा हटवाने के निर्देश दिए। गांव भगवानपुर में रास्ते व ढोकिया गांव में पंचायती जमीन पर हो रहे अवैध कब्जे की शिकायत पर डीडीपीओ को कब्जे हटवाने के निर्देश दिए गए। समाधान शिविर में गांव लिलोढ में जोहड़ की सफाई न होने और शहर के सेक्टर-4 में पब्लिक शौचालय जर्जर हालत की शिकायत भी रखी गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक हेमेंद्र कुमार मीणा, एडीसी राहुल मोदी, एसडीएम सुरेश कुमार, सीटीएम जितेंद्र कुमार व डीएसपी डा. रविंद्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## सर्विस लेन पर फैली निर्माण सामग्री वाहन चालकों को हादसे का डर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा

दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गांव निखरी के पास सर्विस लेन पर पड़ी सड़क निर्माण सामग्री हादसों का कारण बनती जा रही है। सर्विस लेन के निर्माण के बाद सड़क किनारे निर्माण सामग्री खुले में पड़ी हुई है, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है सुबह और रात के समय दृश्यता कम होने के कारण निर्माण सामग्री पड़े रहने से दोपहिया वाहन चालक फिसलकर गिर जाते हैं। कई वाहन चालक चोटिल भी हो चुके है, लेकिन अभी तक समस्या का समाधान नहीं किया गया है। गांव निखरी के सरपंच सुनील कुमार ने बताया कि समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग और राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अधिकारियों की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ग्रामीणों ने कहा यदि जल्द ही सड़क से निर्माण सामग्री नहीं हटाई गई तो बड़ा हादसा हो सकता है। लोगों ने प्रशासन से सर्विस लेन को पूरी तरह साफ कराने की मांग की है।

## ग्रामीणों को दी प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की जानकारी



कोसली। जाटूसाना स्थित हरियाणा ग्रामीण बैंक शाखा परिसर में वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाखा प्रबंधक रुपेन्द्र यादव व अंकित दूल ने ग्रामीणों को केंद्र व राज्य सरकार की ओर से चलाई जा रही प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना के तहत केंद्र सरकार द्वारा एक किलो वाट पर 30 हजार तथा दो किलो वाट पर 60 हजार तथा तीन किलो वाट पर 78000 हजार रुपए की सब्सिडी दी जा रही है। यदि प्रार्थी बीपीएल कार्ड धारक है तो हरियाणा सरकार द्वारा 50 हजार रुपए की सब्सिडी ओर दी जाती है। वित्तीय साक्षरता सलाहकार जय सिंह दहिया ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री बीमा सुरक्षा योजना, अटल पेंशन योजना, स्वयं सहायता समूह के बारे में जानकारी दी।

## ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बावल

बावल के विधायक डा. कृष्ण कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत वीरवार को बावल क्षेत्र के गांव बखापुर ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया। विधायक ने कहा कि गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच करते हुए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देना है। विधायक ने बताया कि भारत सरकार द्वारा आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, पीएमएफबीवाई, प्रधानमंत्री आवास योजना, ड्रोन दीदी, लखपति दीदी योजना और हर घर जल जैसी योजनाओं के माध्यम से सरकार द्वारा लोगों को लाभांवित किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र में इन योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकारी की प्राथमिकता है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष हनुमान छावड़ी, महामंत्री कुलदीप चौहान, सरपंच राज सिंह व भोलाराम बगथला सहित अनेक कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद थे।

## आंगनबाड़ी प्ले स्कूल में बच्चों को पोषण आहार और दी जा रही प्रारंभिक शिक्षाः पिंकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली



सादत नगर के आंगनबाड़ी केंद्र में वीरवार को पोषण पखवाड़े के अंतर्गत महिलाओं को बच्चों को पौष्टिक आहार देने और उचित शिक्षा दिलवाने के बारे में बताया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर पिंकी शर्मा ने महिलाओं को बताया कि हरियाणा सरकार के आंगनबाड़ी केंद्र अब आधुनिक प्ले स्कूल के रूप में तब्दील हो गए हैं। यहां बच्चों को पोषण आहार और स्कूल जाने से पहले की प्रारंभिक शिक्षा दी जाती है। उन्होंने बताया कि पोषण पखवाड़ा के दौरान सेंटर में सभी बच्चों का कद एवं वजन मापा जाएगा।सेवानिवृत्त प्राचार्य चंद्रपाल एवं वीरेंद्र सिंह ने कहा कि तीन से छह साल तक की आयु के बच्चों को अभिभावक अपने नजदीक के आंगनबाड़ी सेंटर में अवश्य भेजें। माताएं स्वयं भी यहां बच्चों के साथ आकर बैठ सकती हैं। कार्यक्रम में ओमपति, मनीषा, वीरमति, कैलाश, सुमित्रा, सरोज, प्रेमलता, किरण, सुमन, संतरा देवी व कमलेश मौजूद रहीं।

## डीसी के निर्देश, मंचों का लाभ उठाने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय सभागार में जिला बाल कल्याण परिषद की कार्यकारिणी समिति की बैठक आयोजित हुई। इस मौके पर जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से संचालित की जा रही गतिविधियों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर डीसी ने बताया कि जिला बाल कल्याण परिषद की ओर से जिले में डिजिटल लाइब्रेरी, सिलाई केंद्र, ब्यूटीशियन कोर्स और कंप्यूटर कोर्स सहित अनेक गतिविधियां संचालित की जा रही है। वहीं बाल कल्याण परिषद बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक मंच भी प्रदान कर रहा है। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन मंचों का लाभ उठाने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया जाए। इस मौके पर एडीसी राहुल मोदी, एसडीएम सुरेश कुमार, एसडीएम बावल मनोज कुमार, सीटीएम जितेंद्र कुमार, डीडीपीओ एचपी बंसल, महिला एवं बाल विकास कार्यक्रम अधिकारी शालू यादव, डीईओ बिजेंद्र हुड्डा आदि लोग मौजूद रहे।

## इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी में 17 को होगा इनसो का छात्र संवाद कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मीरपुर



**मौके पर ये मौजूद रहे**

इस अवसर पर कार्यक्रम के प्रभारी जोनी लठवाल, नागेंद्र डागर, मोनू बाली, दीपक सरपंच सोहना, रेवाड़ी हल्का अध्यक्ष सन्नी ततारपुर, नवीन पटेल, रवी कसाना, भूपेंद्र पहलवान, हरदीप टोकस, जॉनी ढिल्लों, नितेश यादव, कर्म बेनीवाल, पंकज राजपूत, जसवंत व रोहित सहित अनेक युवा मौजूद थे।

इंदिरा गांधी यूनिवर्सिटी मीरपुर में छात्र संगठन इनसो की ओर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 17 अप्रैल को आयोजित होने वाले छात्र संवाद कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तैयार की गई। वक्ताओं ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला शिरकत करेंगे, जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर इनसो प्रदेश अध्यक्ष दीपक मलिक उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में मशहूर कलाकार राहुल फाजिलपुरिया और अल्फाज भी युवाओं के बीच पहुंचेंगे। बैठक के दौरान विश्वविद्यालय के युवाओं को कार्यक्रम की जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**राहत** जन स्वास्थ्य विभाग ने पुराने बिलों पर सरचार्ज से दी राहत

# डेढ़ लाख से अधिक उपभोक्ताओं पर 8.46 करोड़ का पेयजल बिल बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी




**31 मई तक जमा कराने पर सरचार्ज में छूट**

रेवाड़ी। गढ़ी बोलनी रोड स्थित जनस्वास्थ्य विभाग कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने नागरिकों को राहत देते हुए पेयजल और सीवरेज बिलों के भुगतान के नियमों में बदलाव करते हुए 31 दिसंबर 2025 तक के बकाया बिलों पर शत-प्रतिशत सरचार्ज माफी की घोषणा की है। विभाग की योजना से जिले के 168217 उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। इन उपभोक्ताओं पर 8 करोड़ 46 लाख रुपये का बिल बकाया है। योजना के तहत उपभोक्ताओं को 31 मई तक अपना पुराना व मौजूदा पूरा बकाया बिल जमा कराना होगा। योजना के बाद किसी भी उपभोक्ता का बिल बकाया रहता है तो पेयजल कनेक्शन काट दिया जाएगा।

हरियाणा सरकार की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार 31 दिसंबर 2025 तक की अवधि के बिलों पर लगे सरचार्ज में 100 फीसदी की एकमुश्त छूट दी जा रही है। योजना का लाभ उठाने के लिए उपभोक्ताओं को 31 मई तक अपना पूरा बकाया बिल चालू बिल के साथ जमा कराना अनिवार्य होगा। इस तिथि तक भुगतान नहीं किया गया तो विभाग की ओर से उपभोक्ताओं का कनेक्शन काटने की कार्रवाई शुरू की जाएगी। जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार योगेंद्र परमार ने बताया कि पुराने नियमों के तहत देरी से भुगतान करने पर कुल बिल राशि पर जुर्माना लगता था, जिससे राशि काफी बढ़ जाती थी। अब नए संशोधन के तहत यदि देय तिथि तक बिल नहीं भरा जाता है तो चालू बिल पर ही एक बार 10 प्रतिशत की दर से जुर्माना लगाया जाएगा। अगले बिलों में पिछली कुल बकाया राशि पर दोबारा जुर्माना नहीं जोड़ा जाएगा।

**127813 ग्रामीण और 40404 शहरी उपभोक्ता**

जिले में जनस्वास्थ्य विभाग के 168217 उपभोक्ता हैं, जिसमें 127813 ग्रामीण उपभोक्ता हैं, जबकि 40404 शहरी क्षेत्र के उपभोक्ता हैं। विभाग का जिले के पूरे शहरी क्षेत्र में 40404 उपभोक्ताओं पर 2 करोड़ 90 लाख रुपये का बकाया है, जबकि 127813 ग्रामीण उपभोक्ताओं पर 5 करोड़ 55 लाख रुपए का बिल बकाया चला आ रहा है। इसमें बड़ी राशि सरचार्ज की लगाई हुई है। सरचार्ज माफ होने से बड़ी संख्या के उपभोक्ताओं को लाभ होगा।

- योजना के बाद बकाया बिल नहीं भरा तो विभाग की ओर से काटा जाएगा पेयजल कनेक्शन

**मीटर कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं का छूटः योगेंद्र परमार**



जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के जिला सलाहकार योगेंद्र परमार ने बताया कि विभाग की माफी योजना में प्रमुख शर्त है कि सरचार्ज में छूट केवल मीटरयुक्त कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को ही मिलेगी, जिनके पास वर्तमान में मीटर वाला कनेक्शन नहीं है और वे सरचार्ज माफी का लाभ लेना चाहते हैं तो उन्हें पहले कनेक्शन पर मीटर लगवाना अनिवार्य होगा।

## सेक्टर-4 हुडा डिस्पेंसरी में निशुल्क होम्योपैथिक कैंप आज

रेवाड़ी। आयुष विभाग हरियाणा की ओर से फ्रेडरिक सैमुएल हैनीमेन के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 10 अप्रैल को सेक्टर-4 स्थित हुडा डिस्पेंसरी में निःशुल्क होम्योपैथिक कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिला आयुष अधिकारी डा. बसंत कुमार ने कहा नागरिकों से कैंप का लाभ उठाते हुए पुरानी एवं लंबे समय से चली आ रही बीमारियों का समाधान होम्योपैथी से कराने की अपील की। उन्होंने बताया कि होम्योपैथी विशेष रूप से श्वसन संबंधी, त्वचा रोग, गठिया एवं हड्डी रोग, सिरदर्द और माइग्रेन, पाचन तंत्र, हार्मोनल विकार, मानसिक स्वास्थ्य, मूत्र एवं गुर्दे संबंधी आदि रोगों में बेहतर उपचार होता है। डा. बसंत कुमार ने बताया कि होम्योपैथी चिकित्सा प्रणाली से रोगी को समग्र रूप से शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्तर पर देखा जाता है, जिससे रोग के मूल कारण को समाप्त किया जाता है। उन्होंने बताया कि यह चिकित्सा पद्धति पूर्णतः सुरक्षित है, इससे कोई साइड इफेक्ट नहीं होता। बच्चों बुजुर्गों गर्भवती महिलाओं तथा कमजोर रोगियों के लिए उपयुक्त चिकित्सा है। दीर्घकालिक एवं पुरानी बीमारियों में भी उत्कृष्ट परिणाम देखे जाते है।